तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

नाली निर्माण में भारी गड़बड़ी, निर्माण के एक सप्ताह बाद ही पड़ गई दरारें
2



## खबर संक्षेप

### जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर को संवाद एवं संपर्क समिति की जिम्मेदारी


**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित प्रदेश स्तरीय संवाद एवं संपर्क समिति में सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव को सदस्य नियुक्त किया गया है। सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने पार्टी द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को लेकर कहा कि मैं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दिपक बैज का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। मैं पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप निष्ठा के साथ मिली दायित्वों का निर्वहन करूंगा। सरगुजा जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव को लोकसभा चुनाव में मिली इस अहम जिम्मेदारी को लेकर सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी सहित उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

### चोरों ने दिन दहाड़े घर से पार किया रसोई गैस सिलेंडर

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि अब दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देने लगे है। चोरों ने रसूलपुर स्थित एक मकान से दिन दहाड़े ही न सिर्फ घर में दाखिल हुए बल्कि घर में रखे भरा रसोई गैस सिलेंडर पार कर दिया। रसूलपुर निवासी कमाल हसन आ. अब्दुल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 4 अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे बाइक सवार दो लोग घर के सामने पहुंचे। इसी बीच एक युवक घर के अंदर दाखिल हुआ जबकि दूसरा घर के सामने बाइक पर बैठा था। घर के अंदर दाखिल हुए युवक सीढ़ी के नीचे रखे दो रसोई गैस सिलेंडर में से भरा गैस सिलेंडर को चोरी कर ले गया। घटना की जानकारी लगने पर मकान मालिक ने गली में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो बाइक से दो युवक गैस सिलेंडर ले जाते नजर आए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 454,380,34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक ने घर से पार किया 4 हजार रुपए, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सूने मकान में दाखिल होकर युवक ने घर में रखे चार हजार रुपए पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम पार्वतीपुर निवासी श्रीमती खीर कुमारी पति डमेश्वर पैकरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दिन दोपहर जब खेत में गन्ना लगा रहे थे तभी गांव के ही सत्यम तिवारी आ. अनिल तिवारी घर के अहाता पर चढकर अंदर गया और कमरे में रखे सामान को अस्त व्यस्त करने के साथ ही पेटी में रखे नगद 4 हजार रुपए चोरी कर ले गया। सत्यम को घर में दाखिल होते पड़ोसियों ने देखा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।



रमज़ान मुबारक
उनतीसवां रोज़ा
आज का इफ्तार - 6.21 बजे
कल की सेहरी - 4.16 बजे

### कुदरगढ़ धाम में शुरू होगा मेला

# चैत्र नवरात्र के लिए जगमगाए देवी मंदिर, आज प्रज्जवलित होंगे मनोकामना ज्योति कलश



महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था।



कुदरगढ धाम का सजा द्वार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- पुलिस ने की सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था

देवी की अराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र मंगलवार से प्रारम्भ हो रहा है। नवरात्र के लिए सरगुजा की अराध्य मां महामाया मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों की विशेष भव्य साज-सज्जा की गई है। मंगलवार अभिजीत मुहुर्त में कलश स्थापना कर मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। चैत्र नवरात्रि को लेकर अप्रैल के प्रारम्भ से ही देवी मंदिरों का रंग-रोगन एवं साज-सज्जा का काम चल रहा है। मंदिर प्रबंधन द्वारा महामाया मंदिर की भव्य सजावट की गई है। मंदिर परिसर को ध्वज, पताका एवं रंगीन झालरों से सजाया गया है। भीषण गर्मी व श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षित रेलिंग बनाने के साथ ही धूप से बचाव के लिए छाया की व्यवस्था की गई है। नवरात्र में देवी के दर्शन के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं की कतार लगी रहती है। नई व्यवस्था से श्रद्धालु धूप से सुरक्षित रहेंगे। महामाया मंदिर में सुबह 5.30 बजे एवं शाज 7.30 बजे देवी की आरती होगी। इस बार श्रद्धालु सुबह 5 बजे से देर रात तक देवी का दर्शन एवं पूजन कर सकेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस एवं यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है। मंदिर परिसर के बाहर प्रशासन द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसी तरह शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर, सर्वेश्वरी समूह मंदिर, गायत्री मंदिर, राम मंदिर, संगम चौक स्थित काली मंदिर, गौरी मंदिर, सांडबार स्थित वनदेवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों की भव्य साज-सज्जा कर श्रद्धालुओं के पूजा-पाठ की व्यवस्था की गई है। नवरात्र के अवसर पर घर-घर में कलश स्थापित कर दुर्गा सप्तशती का पाठ करने की परंपरा है। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में देवी की अराधना करने के लिए सोमवार कलश एवं अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदी की।

### घर-घर में होगी कलश स्थापना



नवरात्र की प्रथम तिथि को घर-घर में कलश स्थापित कर देवी की अराधना की जाएगी। देवी की अराधना के लिए श्रद्धालुओं ने घरों की साफ-सफाई की है। पंडितों द्वारा देवी की अराधना के लिए चावल के दानों को अलग-अलग रंगों में रंगकर बेदी सजाई गई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे नवरात्र उपवास रखकर देवी की अराधना करते हैं साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश स्थापित कर नौ दिनों तक देवी की पूजा करते है जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु विधि-विधान से देवी के चरित्र का श्रवण करते हैं। पं. विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इस बार कलश स्थापना के लिए सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक का अभिजीत मुहुर्त कलश स्थापना के लिए श्रेष्ठ मुहुर्त है।



### आज वागेश्वरी देवी का बदलेगा स्वरूप

कुदरगढ़ स्थित वागेश्वरी देवी का मंगलवार को स्वरूप बदलेगा तथा रजत स्वरूप को त्याग कर वे स्वर्ण स्वरूप मे नजर आएंगी। ट्रस्ट द्वारा स्वर्णआभूषणों से उनकी भव्य सजावट की जाएगी। चैत्र नवरात्र में कुदरगढ़ धाम में भव्य मेला लगता है जिसमें बाहर के व्यवसायी अपनी दुकानें लगाते हैं। मंदिर में सरगुजा संभाग के साथ ही बड़ी संख्या में एमपी, यूपी, झारखण्ड सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। ट्रस्ट द्वारा पिछले एक पखवाड़े से मंदिर परिसर एवं सीढ़ियों का रंग-रोगन कराया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सड़कों व परिसर की साफ-सफाई करने के साथ ही जगह-जगह पानी की व्यवस्था की गई है। मेला परिसर में अलग-अलग स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही 350 पुलिस व यातायात कर्मियों को तैनात किया गया है।



# नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, मंत्रालय में पहुंच बताकर दिया वारदात को अंजाम

महिला एवं बाल विकास विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मंत्रालय में अपनी पहुंच व पहचान का झांसा देकर ठगी की। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरान्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मिशन चौक निवासी संजय कुमार गुप्ता और किशोर कुमार गुप्ता ने मोहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति को झांसे में लिया। आरोपियों ने अपनी पहचान मंत्रालय में होने का हवाला देकर प्रार्थी की दोनों बेटियों की नौकरी महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर लगाने का झांसा दिया। आरोपियों ने नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपए की मांग की थी ऐसे में पिता ने बेटियों की नौकरी लगने की मोह में मोहल्ले के संजय कुमार गुप्ता व किशोर कुमार गुप्ता पर भरोसा कर उन्हें 7 लाख रुपए नगद व 3 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। 10 लाख रुपए देने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। जब पिता ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी पहले तो बहाना बनाते रहे और फिर पैसे देने से इनकार कर दिया। ऐसे में 22 फरवरी को मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा आरोपी संजय कुमार गुप्ता व किशोर कुमार गुप्ता को नोटिस जारी कर थाने में उपस्थित होने कहा गया था लेकिन वे थाने में उपस्थित नहीं हुए। जांच उपरान्त मामले में पुलिस ने एक आरोपी मिशन चौक निवासी संजय कुमार गुप्ता आ. बैजनाथ को गिरफ्तार कर लिया इसके साथ ही पुलिस द्वारा दूसरे आरोपी किशोर कुमार गुप्ता की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना गांधीनगर से सउनि राकेश मिश्रा, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, अनिल परिहार, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह सक्रिय रहे।

# चैत्र नवरात्र के दौरान मां महामाया मंदिर के लिए रूट चार्ट निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मंलगवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है। चैत्र नवरात्र के दौरान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा रुट चार्ट जारी किया गया है। चैत्र नवरात्र के दौरान मां महामाया मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ऐसे में शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए खासतौर चारपहिया एवं दुपहिया वाहनों के पार्किंग व्यवस्था चिन्हांकित किया गया है एवं चारपहिया, भारीवाहनों के आवागमन के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किये गए हैं। चैत्र नवरात्रि का पर्व 9 से 17 अप्रैल तक निर्धारित है। इस दौरान मां महामाया मंदिर दर्शन हेतु श्रद्वालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था दुपहिया वाहन हेतु हॉटल इन्द्रवाटिका के सामने एवं चारपहिया वाहन महामाया मंदिर के सामने ऊपर ग्राउण्ड में निर्धारित की गई है। सभी चारपहिया व भारी वाहन हेतु मार्ग चांदनी चौक से घुटरापारा होते हुए मंदिर के सामने ऊपर ग्राउण्ड में पार्किंग व्यवस्था इसके अलावा रायगढ़ रोड़ से श्रीगढ़ मार्ग होते हुए मंदिर के सामने ऊपर ग्राउण्ड में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नवरात्रि के दौरान सद्भावना चौक से मां महामाया मंदिर की ओर जाने वाली चार पहिया व भारी वाहन पूर्णतः आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

## ओवरटेक के चक्कर में ट्रक ने कार व बाइक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- बाल बाल बचे सवार, जांच में जुटी पुलिस

एनएच 343 पर दलधोवा घाट पर तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक के चक्कर में कार व बाइक सवारों को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक बीआर 06 जीडी 3809 गिट्टी लोडकर अंबिकापुर से रामानुजगंज की ओर जा रहा था। इस दौरान जिला मुख्यालय से आठ किमी दूर दलधोवा मोड़ पर जैसे ही ट्रक आगे पहुंचा चालक ने सामने चल रहे कार क्रमांक सीजी 08 एके 3135 को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान अचानक ही सामने से एक बाइक सवार सामने आ गया जिसके बाद ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रक ने सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 0295 को टक्कर मारने के साथ ही कार को भी टक्कर मार दी। इस घटना में कार व बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कार व बाइक सवारों को मामूली चोटें आई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# शराब के नशे में धुत ग्रामीण ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, दशकर्म में शामिल होने गया था दम्पति


शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी पर टांगी से वार कर हत्या कर दी। दोनों के गांव में दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गए थे जहां शराब पीने के बाद विवाद में आरोपी पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच उपरान्त आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बताया जा रहा है कि सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम कतकालो डूमरपारा में 7 अप्रैल को नोहर साय के घर दशकर्म का कार्यक्रम चल रहा था। दशकर्म के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव का रेगतु नाग भी पत्नी सखापति के साथ नोहर साय के घर पहुंचा था इस दौरान दोनों ने दशकर्म कार्यक्रम में जमकर शराब पीया। इस दौरान दम्पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और विवाद बढ़ने पर रेगतु ने पत्नी पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में महिला के सिर, कलाई, मस्तक व शरीर के अन्य स्थानों पर चोट आई थी। टांगी के वार से महिला जमीन पर गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मृतिका के भतीजे माधोराम आ. वीर सिंह ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद सीतापुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आज लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही मामले में कतकालो निवासी 55 वर्षीय रेगतु राम आ. बोधन राम मांझी को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर टांगी को जब्त कर लिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक भरतलाल साहू, सउनि शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक रामबचन, आरक्षक धनकेश्वर यादव, दिलसुख लकड़ा, रामसाय नागेश, पंकज देवांगन आदि सक्रिय थे।

14वीं पुण्यतिथि पर
सादर श्रद्धांजलि...



स्व. श्री रविशंकर त्रिपाठी जी
जन्म -18.12.1955 निर्वाण - 09.04.2010

श्रद्धांजलि सभा दिनांक: 09 अप्रैल 2024, समय: 3:30 बजे से
स्थान: राघवपुरी वृद्धा आश्रम अजिरमा, अंबिकापुर

चिट्ठी न कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां आप चले गये,
इस दिल पे लगा के ठेस जाने वो कौन सा देश जहाँ आप चले गये
इक आह भरी होगी, हमने ना सुनी होगी। जाते-जाते आपने, आवाज तो दी होगी
हर वक्त यही है गम, उस वक्त कहां थे हम
हर दिल में रह गई बात, जल्दी से छुड़ाकर हाथ कहां आप चले गये।

श्री रविशंकर त्रिपाठी स्मृति सेवा समिति, अम्बिकापुर सरगुजा

## खबर संक्षेप



### विधायक ने लोगों से रूबरू होकर सुनी उनकी समस्याएं

**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं से अवगत हो रही है। साथ ही क्षेत्र के विकास तथा लोगों की समस्या को सुनते हुए निराकरण करने सहित संबंधित अधिकारियों से वार्तालाप करते हुए ग्रामीणों के हित के लिए शासन की योजनाओं सहित विकास कार्यों की समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने जजावल, देवरी,पकनी में भेट मुलाकात कर लोगों की समस्याएं सूनी। इस दौरान अक्षय तिवारी, प्रफुल्ल गुप्ता, विश्वजीत सोनी,अशोक जायसवाल, आशिस जायसवाल, विक्रम नामदेव, विनोद जायसवाल, अंकुर जायसवाल, चंद्रदेव, विक्रम प्रताप सिंह, सुजल, अभिषेक, शिम्पू , सहित अन्य बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### किस्मत नर्सिंग कॉलेज में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस



**रामानुजगंज।** किस्मत नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन संस्था की शिक्षिका श्रीमती सरिता द्वारा किया गया।l लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 1950 में हुई थी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे एवं उन्हें अच्छे इलाज की सुविधा मिल सके साथ ही लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो ताकि दुनियाभर में फैली गंभीर बीमारियों का रोकथाम किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य तितिक्षा राज एवं समस्त स्टाप के उपस्थिति में किया गया।

### बाइक सहित सड़क किनारे गिरे युवक, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** घर लौट रहे बाइक सवार सीतापुर थाना के समीप मुख्य पर अनियंत्रित होकर गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मरोल केराकछार निवासी राजेन्द्र राम आ. लालदेव राम नागवंशी (27 वर्ष) गत दिन 12 बजे हरीश कुमार के साथ किसी काम के सिलसिले में बाइक से सीतापुर क्षेत्र की ओर आए थे। शाम को दोनो वापस घर लौटने लगे और जैसे ही सीतापुर थाना के समीप मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन सीतापुर अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई जबकि घायल हरीश का उपचार जारी है।

## गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# नाली निर्माण में भारी गड़बड़ी, निर्माण के एक सप्ताह बाद ही पड़ गई दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

जनपद पंचायत भैयाथान क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्य न सिर्फ मनमानी तरीके से कराए जा रहे है बल्कि गुणवत्ता को दरकिनार किया जा रहा है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत सलका अघिना की है जहां नाली निर्माण कार्य हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं हुए कि नाली में दरारे पड़ गई और मानक अनुरूप सीमेंट बालू व गिट्टी का उपयोग नहीं करने से जगह जगह छड़ दिखाई देने लगा है। ऐसा नहीं है कि घटिया नाली निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत नहीं की है बावजूद इसके जांच में खानापूर्ति करने से सरपंच, सचिव के हौसले बुलंद है। इधर क्षेत्र के ग्रामीणों ने मामले की जांच कराने व गुणवत्तापूर्ण नाली निर्माण कराने की मांग की है।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत सलका अघिना में हो रहा निर्माण

ग्राम पंचायत सलका अघिना के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से जा रही मांग व बरसात के दिनो में सड़क पर कीचड़ हो जाने और लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया। लाखो की लागत से नाली का निर्माण तो कराया जा रहा है परंतु गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा। आलम यह है कि नाली निर्माण का काम शुरू हुए एक सप्ताह भी नहीं हुए है कि घटिया नाली निर्माण की पोल खुल गई। नालियों में दरारें साफ नजर आने लगी है। नाली में निर्माण के दौरान वाइब्रेटर का उपयोग नहीं हुआ जिससे कि कई जगहों पर मसाला नहीं पहुंच सका है जिस कारण छड़ बाहर की ओर दिखाई दे रहा है, तो वहीं क्युरिंग के लिए अब तक पानी भी नहीं डाला गया है जिससे नाली मजबूत हो सके। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नाली निर्माण में किस तरह लापरवाही बरती जा रही है। हैरानी की बात यह है कि घटिया नाली निर्माण की शिकायत क्षेत्र के लोगों ने की परंतु अधिकारियों के देखरेख के अभाव में गुणवत्ताहीन नाली निर्माण जोर शोर से कराया जा रहा है। जो कही न कही घटिया स्तर का निर्माण करवा कर सरकारी पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इधर घटिया नाली निर्माण कराने को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



ग्राम सलका-अघिना में कराए जा रहे गुणवत्ताहीन नाली निर्माण।

### निरीक्षण का अभाव

नाली निर्माण में गुणवत्ताहीन और स्तरहीन गिट्टी, छड़ और सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। जहा छड़, रेत समेत गुणवत्ताहीन गिट्टी के प्रयोग से बिना वाइब्रेंटर चलाए नाली निर्माण कराया गया है। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है। परंतु जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण करना भी मुनासिब नहीं समझा। जिससे ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद है। अगर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग किया गया है उसके बावजूद निम्न स्तर का निर्माण कार्य होना कई तरह के सवाल खड़े करते है। ग्रामीणों की माने वे भी घटिया निर्माण विरोध कर रहे है।

### दिशा निर्देश का नहीं हो रहा पालन

किसी भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता का आकलन उपयंत्री द्वारा किया जाता है। नाली निर्माण कार्य का मूल्यांकन भी उपयंत्री या तकनीकी अधिकारी द्वारा किया जाता है। नाली निर्माण के लिए प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा तकनीकी मापदंड और दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। निर्माण कार्य कराने में इन दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी होता है। प्रत्येक परियोजना के लिए निर्माण कार्य कार्यक्रम तैयार किया जाता है। स्वीकृत कार्य कार्यक्रम के संदर्भ में पीआईयू द्वारा नियमित रूप से कार्य की प्रगति का आकलन किया जाता है। बावजूद इसके नाली निर्माण के दौरान दिशा निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है।

### उचित कार्रवाई करूंगा

स्तरहीन नाली निर्माण कार्य की जानकारी मिली है जिसकी प्रारंभिक जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए उपयंत्री को निर्देशित किया गया है। पूर्व में उपयंत्री मानवेंद्र सिंह को संबंधित स्थान पर भेजा गया था जहा समझाइए देते हुए लास्ट पेमेंट को ब्लाक कर दिया गया है। मैं खुद नाली निर्माण की वास्तविक स्थिति से अवगत होकर उचित कार्रवाई करूंगा।

-**विनय कुमार गुप्ता**, सीईओ जनपद पंचायत भैयाथान



## पिता की हत्या कर सड़क हादसे में मौत बताने वाला आरोपी पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर पुलिस ने पिता की हत्या कर उसे सड़क हादसे में मौत होने की बात कह गुमराह करने के मामले में आरोपी पुत्र को गिरफ्तार करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया है।जयनगर पुलिस ने बताया कि आठ अप्रैल सोमवार को लखनपुर थाना से मृतक राजेंद्र सिंह पिता स्व मोहर साय 60 वर्ष निवासी पहाड़गांव सतीपारा थाना जयनगर की मर्ग डायरी प्राप्त हुई जिसमें मृतक की मौत सड़क दुर्घटना में होना लेख किया गया था।जयनगर पुलिस मर्ग डायरी की जब मृतक के घर पहुंचकर जांच शुरू कर परिजनों का ब्यान लिया तो परिजनों द्वारा मृतक राजेंद्र सिंह की मौत पर संदेह जताया गया।इस मामले पर पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू की तो पाया कि गत चार अप्रैल को रात सात से आठ बजे के बीच मृतक का विवाद उसके मझले पुत्र मनोज सिंह से हुआ है।पुलिस ने मनोज को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो वह टूट गया और पुलिस को सारा भेद उगल दिया।पुलिसिया पूछताछ में आरोपी मनोज ने बताया कि चार अप्रैल की रात उसका अपने पिता से बिना उससे पूछे बैल बेच देने की बात को लेकर विवाद हुआ था, इस पर उसने आवेश में आकर लोहे के रॉड से पिता के सिर में वार कर दिया था, बाद में गंभीर हालत में उसे अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती किया, यहां से चिकित्सकों द्वारा रायपुर रेफर करने व एंबुलेंस से रायपुर ले जाने के दौरान लखनपुर के पास स्वास्थ्य बिगड़ने पर लखनपुर अस्पताल ले जाने के दौरान आरोपी पुत्र द्वारा चिकित्सक को एक्सीडेंट से मौत हो जाना बताया गया, इस मामले में आरोपी पुत्र द्वारा लखनपुर थाने में मौत की वजह रोड एक्सीडेंट बताने व कार्यवाही से बचने पुलिस को गुमराह किया जाना पाया गया।जयनगर पुलिस ने मामले में आरोपी पुत्र मनोज सिंह से हत्या में प्रयुक्त एक नग लोहे का रॉड जप्त कर उसके खिलाफ धारा 302,201,506 भादवी के तहत गिरफतार कर न्यायालय पेश किया जहां न्यायालय के आदेश पर उसे जेल दाखिल करा दिया गया है।

## नवोदय एवं सैनिक स्कूल में चयनित छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

विकासखंड रामानुजनगर से चयनित 15 छात्र - छात्राओं का चयन नवोदय विद्यालय बसदेई में हुआ है। उनके चयन होने से विकासखंड गौरवान्वित है। अन्यन पात्रे, श्रेयांश पुष्कर, सुशांत सिंह, ओमकार, नीलिमा सोनवानी, रजनीश कुमार साहू, आदर्श साहू, विदित सिंह, सुशांत सिंह, केशव राजवाड़े, प्रियांशु साहू, गौरांक, प्रतीक सिंह, तृषा साहू, ओलिवर तिर्की का चयन हुआ है । विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज द्वारा नव पहल करते हुए सभी चयनित अभ्यर्थियों, अभिभावकों तथा संबंधित शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीईओ पंडित भारद्वाज, बीआरसी हजारी लाल चक्रधारी एवं संकुल प्राचार्य पीसी सोनी की उपस्थिति में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मान एवं पुरस्कार स्वरूप टी शर्ट, कॉपी पेन,गुलदस्ता देकर व मिठाई खिलाकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। बीईओ पंडित भारद्वाज ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उन्हें मन लगाकर पढ़ाई , खेलकूद, संगीत सहित हर क्षेत्र में कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षकों एवं संकुल समन्वयक से अधिक से अधिक छात्रों को प्रतिवर्ष नवोदय, सैनिक स्कूल, एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के निर्देश दिए। प्राचार्य पीसी सोनी ने नवोदय विद्यालय की आधारभूत संरचना तथा वहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल समन्वयक, शिक्षक, पालक एवं छात्र उपस्थित थे।



## अंडर ब्रिज व पुलिया निर्माण के लिए कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

करंजी के ग्रामीणों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज तिवारी के नेतृत्व में आज करंजी रेलवे स्टेशन के समीप आवागमन के लिए रेलवे क्रासिंग अंडर ब्रिज एवं रेण नदी पर पुलिया निर्माण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत करंजी, नमदगिरी, रूनियाडीह से होकर सोहागपुर जाने वाले मार्ग की दूरी लगभग 12 किमी है जहां की आबादी लगभग 3 हजार है। इन क्षेत्र में 95 प्रतिशत किसान है जो मात्र अपने कृषि कार्य करके आय प्राप्त कर अपना परिवार की भरण पोषण करते है। किसानों की 50 प्रतिशत भूमि रेलवे लाइन की दूसरी तरफ ग्राम झुमरपारा भटगांव की ओर स्थित है। ऐसे में आए दिन किसानों को रेलवे लाइन पार करके कृषि कार्य करने खेत आना जाना पड़ता है। कृषि कार्य के लिए किसानों को मवेशी लाने-ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और रेल की चपेट आने की संभावना बनी रहती है। रेलवे लाईन के नीचे पुलिया नहीं होनें से किसान अपना फसल ट्रैक्टर से घर लाना चाहता है तो उन्हें ग्राम झुमरपारा नावापारा, राई, दतिमा, खरसुरा से होते हुए लगभग 20 किमी अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार शिकायत की गई परंतु आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी। ग्राम करंजी एवं ग्राम तेन्दुपारा के मध्य में रेण नदी पुलिया नहीं होने से लोगों को आने-जाने में ज्यादा दुरी तय करना पड़ता है जिस पर ग्रामीणों ने रेण नदी पर पुल एवं रेलवे लाइन में अंडर ब्रिज बनाने की मांग की है।



## केतकी खदान में एटक की भूख हड़ताल सूरजपुर एसडीएम की पहल पर स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ठेका श्रमिकों के लंबित भुगतान को लेकर एटक श्रमिक संगठन द्वारा 8 अप्रैल को प्रस्तावित आंदोलन को सूरजपुर एसडीएम की पहल पर मांगों को पूर्ण कराए जाने के आश्वासन पर 13 अप्रैल तक टाल दिया गया है। ठेका श्रमिकों ने बताया कि केतकी खदान के ठेकेदार परमानंद एवं अवंती इलेक्ट्रिकल द्वारा खाते में 1199 रुपए की दर से एचपीसी मजदूरी का भुगतान कर आधी मजदूरी वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। आधी मजदूरी वापस नहीं करने पर सभी ठेका श्रमिकों को दो माह से काम से बैठा दिया गया है, जिससे आसपास के ग्रामीण ठेका श्रमिकों के समक्ष सपरिवार जीवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है। काम से बैठाए गए सभी ठेका श्रमिक पिछले एक साल से केतकी खदान में कार्यरत थे।एसईसीएल प्रबंधन और ठेकेदार षड़यंत्र कर नए ठेका श्रमिकों का नियोजन कर रहे हैं, जिसके विरोध में 8 अप्रैल से तीन दिवसीय भूख हड़ताल तथा आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार की घोषणा करते हुए कलेक्टर सूरजपुर को पत्र द्वारा सूचना देते हुए मांग किया गया था कि काम से बैठाए गए सभी ठेका श्रमिकों को वापस काम पर लिया जाए तथा हाई पावर कमेटी द्वारा तय वेतन बिना वापसी का दबाव बनाए 1199 रुपए की दर से भुगतान कराई जाए। जिस पर सूरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा की मध्यस्तता में एसईसीएल प्रबंधन, एसके एमपीएल के एचआर, पेटी ठेकेदार, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि तथा केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत ग्राम गेतरा, केतका, पोड़ी, लाछा, लहंगा, डेडरी एवं सपकरा के करीब 50 ग्रामीण ठेका श्रमिकों की संयुक्त बैठक में सूरजपुर एसडीएम कार्यालय में आयोजित कराई गई। बैठक में चर्चा उपरांत एसडीएम की पहल पर 8 अप्रैल को केतकी खदान में होने वाले 3 दिवसीय भूख हड़ताल को आगामी 13 अप्रैल तक के लिए स्थगित किया गया है।त्रिपक्षीय बैठक में एसईसीएल से क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अनुपम दास, आरजीके सहक्षेत्र प्रबंधक उग्रनाथ झा, खान प्रबंधक दिलिप मिश्रा, सब एरिया पर्सनल मैनेजर साव, एसकेएमपीएल से महाप्रबंधक बी. चौधरी, एचआर आनंद, केतकी खदान के पेटी ठेकेदार परमानंद कुमार, अवन्ति इलेक्ट्रिकल्स के जाकेश, एटक यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश द्विवेदी तथा समय लाल, रामबिलास, रोहित कुमार, राकेश कुमार, गणेश कुमार, उमेश्वर सिंह, सूरज मरावी, उमेश्वर सिंह, सूरज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



**न्यायालय तहसीलदार बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202402272200044/अ-19/2023-24

**-:: प्रेस ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बलरामपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल कृष्ण मिश्रा, अध्यक्ष, सरस्वती शिशु मंदिर बलरामपुर एवं अन्य, तहसील बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से जिला मुख्यालय बलरामपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, बलरामपुर के भवन निर्माण हेतु नगर पालिक क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि खसरा-121/1 रकबा 0.99 हे. भूमि जो वर्तमान में शासकीय मद में दर्ज भूमि है, को शासकीय न्यूनतम दर पर भवन निर्माण हेतु संस्था को भूमि आबंटित किये जाने हेतु माननीय न्यायालय कलेक्टर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।उपरोक्त संबंध में हल्का पटवारी , प.ह.नं. 18 बलरामपुर द्वारा स्थल चिन्हांकित कर, भूमि आबंटन हेतु वादभूमि को प्रस्तावित किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 12/04/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा गुजर जाने के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28/03/2024 को जारी।

**तहसीलदार**
**बलरामपुर**

सरगुजा मार्केट

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

हृदय रोग ओपीडी
अब आपके शहर अम्बिकापुर में
नारायणा हेल्थ, रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार -हृदय रोग
दिनांक 13 अप्रैल 2024
